Reference-7	भारत सरकार द्वारा प्राख्यापित, पशु क्रूरता निवारण, पालतूपशु दुकान नियम, 2018 (Prevention of Cruelty to Animals, Pet Shop Rules, 2018)	21–23
Reference-8	भारत सरकार द्वारा प्राख्यापित, पशु क्रूरता निवारण, केस विषयक पशुओं की देखरेख एवं भरण-पोषण नियम, 2017 (Prevention of Cruelty to Animals, Care & Maintenance of Case Property Animals Rules, 2017	23–24
Reference-9	भारत सरकार द्वारा प्राख्यापित, पशु जन्म नियंत्रण (श्वानपशु) नियम, 2001 (Animals Birth Control (Dog) Rules, 2001	24
Reference-10	पीडाविहीन रीति से दयामृत्यु दिये जाने के क्रम में भारतीय जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड की मार्गदर्शिका (Euthanasia Guidelines from AWBI)	24
Reference-11A	पशु जन्म नियंत्रण (श्वानपशु) नियम, 2001 (Animals Birth Control (Dog) Rules, 2001 के अनुरुप श्वानपशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम संचालित किये जाने के क्रम में मा० उच्चतम न्यायालय तथा मा० उच्च न्यायालयों निर्गत आदेश -Order dated 18th Nov., 2015 from Hon'ble Supreme Court of India on SLP No. 691 of 2009 (AWBI vs People for Elimination of Stray Troubles & others) -Order dated 04th March, 2014 from Hon'ble Nainital High Court on PIL WP No 41 of 2013 (Gauri Maulekhi vs State of Uttarakhand & others)	24
Reference-11B	मा० उच्च न्यायालयों द्वारा पशु जन्म नियंत्रण (श्वानपशु) नियम, 2001 (Animals Birth Control (Dog) Rules, 2001 के आलोक में, पशु कल्याण संस्थाओं के प्रतिनिधियों / पशुप्रेमियों द्वारा निराश्रित श्वानपशुओं के पशुपोषण हेतु स्थान एवं समय का निर्धारण किये जाने तथा रेजीडेन्ट वैलफेयर एसोसिएसन से विवाद के सामाधान के क्रम में निर्गत विभिन्न आदेश -Order dated 04-02-2010 from Hon'ble Delhi High Court on Crl. M.C. 1862/2009, W.P.(Crl.) Nos. 467/2009, 1101/2009, 1102/2009, 1103/2009, 1104/2009, 1105/2009, 1106/2009 and 1107/2009	24

	- Order dated 10-05-2011 from Hon'ble Punjab-Haryana High Court on CRM No. M 13967 of 2010 (Ms Sonia Rogers vs State of Haryana And Another) -Order dated 12-07-2017 from Hon'ble Delhi High Court on LPA 301/2016 (Om Prakash Saini vs State Government of NCT Delhi & others)	24
Reference-12	निराश्रित श्वानपशुओं के पशुपोषण हेतु स्थान एवं समय का निर्धारण किये जाने तथा रेजीडेन्ट वैलफेयर एसोसिएसन से विवाद के सामाधान हेतु मा० उच्च न्यायालय के। आदेशों के अनुपालन में भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड की मार्गदर्शिका (AWBI। Guidelines for Pet Owners, Colony Care Takers / Dog Feeders & Resident Welfare Associations/ Apartment Owner's Associations	24

मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल के आदेशों के अनुरूप पालतू श्वानपशुओं के अनिवार्य अनुज्ञाकरण हेतु आदर्श नियमावली के सृजन का प्रस्ताव:

मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल के आदेशों के अनुरूप पालतू श्वानपशुओं के अनिवार्य अनुज्ञाकरण हेतु मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा जनहित याचिका संख्या 84/17 (गिरीश चन्द्र खोलिया बनाम उत्तराखण्ड सरकार) पर दिनांक 14 जून, 2018 को निर्गत अन्तरिम आदेश (Reference-1) के अनुपालन के क्रम में दिनांक 02 जुलाई 2018 को मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत बैठक के कार्यवृत (Reference-2) बिन्दु संख्या-4 तथा मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन स्तर से निर्गत शासनादेश संख्या 560/XV-1/18/4(20)/2017 पशुपालन अनुभाग-1 दिनांक 17 जुलाई, 2018 (Reference-3) के अनुपालन के क्रम में, स्थानीय निकाय अधिनियमों के तहत पालतू श्वानपशुओं के अनिवार्य अनुज्ञाकरण हेतु नियमावली (Rules for Licensing & Regulation of Pedigreed Pet Dogs) का सृजन अपेक्षित है। इस क्रम में श्वानपशुओं से सम्बन्धित विभिन्न कानूनी प्राविधानों मा० उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एवं मा० उच्च न्यायालयों द्वारा निर्गत विभिन्न मार्गदर्शी निर्णयों का सन्दर्भ (reference) लेते हुए समग्रतापूर्ण अभिसरण (holistic convergence) का प्रयास करते हुए आदर्श नियमावली का आलेख प्रस्तावित है। इस क्रम में दिनांक 08 फरवरी, 2018 को सचिव शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत प्रान्तीय श्वानपशु बन्ध्यकरण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक के कार्यवृत्त (Reference-4) बिन्दु संख्या-5 एवं दिनांक 04 सितम्बर, 2020 को सचिव शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत प्रान्तीय श्वानपशु बन्ध्यकरण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक के कार्यवृत्त (Reference-5) बिन्दु संख्या-8 के आलोक निम्नानुसार प्रस्ताव प्रेषित है :-

मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल के आदेशों के अनुरुप पालतू श्वानपशुओं के अनिवार्य अनुज्ञाकरण हेतु आदर्श नियमावली के सृजन का प्रस्ताव :

मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा जनहित याचिका संख्या 84/17 (गिरीश चन्द्र खोलिया बनाम उत्तराखण्ड सरकार) पर दिनांक 14 जून, 2018 को निर्गत अन्तरिम आदेश (Reference-1) के अनुपालन के क्रम में दिनांक 02 जुलाई 2018 को मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत बैठक के कार्यवृत (Reference-2) बिन्दु संख्या-4 तथा मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन स्तर से निर्गत शासनादेश संख्या 560/XV- 1/18/4(20)/2017 पशुपालन अनुभाग-1 दिनांक 17 जुलाई, 2018 (Reference-3) के अनुपालन के क्रम में, स्थानीय निकाय अधिनियमों के तहत पालतू श्वानपशुओं के अनिवार्य अनुज्ञाकरण हेतु नियमावली (Rules for Licensing & Regulation of Pedigreed Pet Dogs) का सृजन अपेक्षित है। इस क्रम में श्वानपशुओं से सम्बन्धित विभिन्न कानूनी प्राविधानों, मा० उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली एवं मा० उच्च न्यायालयों द्वारा निर्गत विभिन्न मार्गदर्शी निर्णयों का सन्दर्भ (reference) लेते हुए समग्रतापूर्ण अभिसरण (holistic convergence) का प्रयास करते हुए आदर्श नियमावली का आलेख प्रस्तावित है। इस क्रम में दिनांक 08 फरवरी 2019 को सचिव शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत प्रान्तीय श्वानपशु बन्ध्यकरण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक के कार्यवृत्त (Reference-4) बिन्दु संख्या-5 एवं दिनांक 04 सितम्बर, 2020 को सचिव शहरी विकास, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में आहूत प्रान्तीय श्वानपशु बन्ध्यकरण एवं अनुश्रवण समिति की बैठक के कार्यवृत्त (Reference-5) बिन्दु संख्या-8 के आलोक में निम्नानुसार प्रस्ताव प्रेषित है :-

उत्तरप्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तरप्रदेश अधिनियम, संख्या-2 1959) जोकि उत्तराखण्ड राज्यान्तर्गत अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2002 के तहत प्रभावी है, की धारा-540 (1) के तहत राज्य की नगर निगमों के पथ-प्रदर्शन (guidance) एवं क्रियान्वयन के निमित्त, मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल के आदेशों के अनुपालन में निम्नानुसार राज्य के नगर निगमों के क्षेत्राधीन पालतू श्वानपशुओं के अनिवार्य अनुज्ञाकरण, नियंत्रण एवं विनियमन हेतु आदर्श नियमावली (Model Rules) का प्राख्यापन प्रस्तावित है :-

1. सक्षिप्त नाम, विस्तार एवं प्रारम्भ -

(1.1) यह नियम, "पालतू श्वानपशुओं का अनुज्ञाकरण एवं नियंत्रण नियम, 2019 कहा जायेगा।

(1.2) यह नियम राजकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगा।

(1.3) यह नियम राज्य के नगर निगम काशीपुर के क्षेत्रों के भीतर प्रभावी होगा।

(1.4) इस नियम के प्राख्यापन से पूर्व किसी विशेष नगर निगम द्वारा पूर्व में सृजित प्रचलित इस नियम के प्राख्यापन के उपरान्त निष्प्रभावी हो जायेगा।

2. परिभाषा

(2.1) अधिनियम : अधिनियम से तात्पर्य उत्तरप्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तरप्रदेश अधिनियम, संख्या-2 1959) से है, जोकि उत्तराखण्ड राज्यान्तर्गत अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2002 के तहत प्रभावी है ।

(2.2) नगर निगम : नगर निगम से तात्पर्य उत्तराखण्ड राज्यान्तर्गत स्थापित नगर निगम से है।

(2.3) पालतू श्वानपशु : पालतू श्वानपशु से तात्पर्य नस्लीय श्वानपशुओं (Pedigreed Pet Dogs) से है जिन्हें उत्तराखण्ड राज्यान्तर्गत की नगर निगमों की सीमा के भीतर निजी सुरक्षा हेतु अथवा श्वानपशु के प्रति रुचि / पशुप्रेम के उद्देश्य से पाला जाता है।

(2.4) निरीक्षण अधिकारी : निरीक्षण अधिकारी से तात्पर्य नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत, नगर आयुक्त द्वारा प्राधिकृत पशुचिकित्सा अधिकारी से है।

(2.5) क्षेत्रीय पशुचिकित्सा : अधिकारी क्षेत्रीय पशुचिकित्सा अधिकारी से तात्पर्य नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत राजकीय पशुचिकित्सालय पर नियुक्त पशुचिकित्सा अधिकारी से है।

(2.6) अनुज्ञापित व्यक्ति : अनुज्ञापित व्यक्ति से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो कि उत्तराखण्ड राज्य के नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पालतू श्वानपशु का स्वामी हो तथा निजी सुरक्षा अथवा श्वानपशु के प्रति रुचि / पशुप्रेम के कारण श्वानपशु पाले जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी से अनुज्ञा प्राप्त कर ली गई हो. इस क्रम में पालतूपशु दुकान (Pet Shop) तथा श्वानपशु प्रजनक (Dog Breeder) भी इन शर्तों के तहत सम्मिलित है कि. पालतू पशु दुकानस्वामी (Pet Shop Owner) तथा श्वानपशु प्रजनक (Dog Breeder) द्वारा केन्द्रीय अधिनियम- पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के अन्तर्गत प्राख्यापित के नियमों के तहत उत्तराखण्ड राज्य पशु कल्याण बोर्ड अन्तर्गत अनिवार्य रूप से पंजीकरण करा लिया गया हो।

(2.7) 'श्वानपशु प्रजनक : श्वानपशु प्रजनक से तात्पर्य ऐसे श्वानपशुस्वामी से है जिसके द्वारा केन्द्रीय अधिनियम अन्तर्गत प्राख्यापित पशु क्रूरता निवारण, श्वानपशु प्रजनन एवं विपणन नियम, 2017 (Prevention of Cruelty to Animals, Dog Breeding and Marketing Rules, 2017) के तहत उत्तराखण्ड राज्य पशु कल्याण बोर्ड अन्तर्गत अनिवार्य पंजीकरण करा लिया गया हो **(Reference-6) I**

(2.8) पालतू पशु दुकान : पालतूपशु दुकान से तात्पर्य ऐसे पालतूपशु दुकानस्वामी से है जिसके द्वारा केन्द्रीय अधिनियम अन्तर्गत प्राख्यापित "पशु क्रूरता निवारण, पालतूपशु दुकान नियम, 2018 (Prevention of Cruelty to Animals, Pet Shop Rules, 2018)" के तहत उत्तराखण्ड राज्य पशु कल्याण बोर्ड अन्तर्गत अनिवार्य पंजीकरण करा लिया गया हो **(Reference-7)।**

(2.9) अनुज्ञा : अनुज्ञा का तात्पर्य इस नियम के अधीन प्रदत्त अनुज्ञा से है।

(2:10) वर्ष : वर्ष से तात्पर्य वित्तीय वर्ष से है।

(2.11) ऐसे शब्दों/पदों जो कि इस नियम में परिभाषित नहीं है किन्तु नियम / अधिनियम में प्रयुक्त हैं, उनका वही अर्थ होगा जोकि अधिनियम में दिया गया हो।

3. प्रतिषेध – कोई भी व्यक्ति उत्तराखण्ड राज्यान्तर्गत नगर निगम काशीपुर क्षेत्र में किसी भी भवन / स्थान पर अपने निजी सुरक्षा हेतु अथवा अपनी श्वानपशु के प्रति रुचि/पशुप्रेम के वजह से नहीं पालने देगा जबतक की उस व्यक्ति के द्वारा नगर निगम से पालतू श्वानपशु पालन हेतु अनुज्ञा न प्राप्त कर ली गई हो।

4. अनुशा एवं अनुज्ञा की अवधि – सम्बन्धित नगर निगम अन्तर्गत प्राधिकृत निरीक्षण अधिकारी द्वारा अनुज्ञा की शर्तों के पूर्ण होने की दशा में वित्तीय वर्ष की अवधि हेतु अनुज्ञा दी जा सकेगी किन्तु कभी भी अनुज्ञा की शर्तों का उल्लघन किये जाने पर निर्गत अनुज्ञा निलम्बित की जा सकेगी अथवा निरस्त की जा सकेगी।

5. अनुज्ञा की शर्तें -

(5.1) प्रत्येक श्वानपशुस्वामी द्वारा श्वानपशु प्राप्त करने / क्रय करने के 15 दिनों के भीतर अपने पालतू श्वानपशु को नगर निगम काशीपुर अन्तर्गत अनुज्ञाकरण हेतु 'प्ररूप-1' के अनुरुप आवेदन करना आवश्यक होगा।

(5.2) निर्गत अनुज्ञा वित्तीय वर्ष के अन्त तक विधिमान्य होगी। स्वानपशुस्वामी द्वारा अपने श्वानपशु का प्रत्येक वर्ष यथासमय अनिवार्य कृमिरोधीदवापान (De-worming) के उपरान्त अनिवार्य रैबीजरोधी टीकाकरण (Anti Rabies Vaccination) के उपरान्त, अप्रैल माह में अपने पालतू श्वानपशु के अनुज्ञा के नवीनीकरण हेतु आवेदन करना आवश्यक होगा।

(5.3) श्वानपशुस्वामी द्वारा अपने पालतू श्वानपशु को सार्वजनिक स्थानों पर सड़कों, गलियों एवं पार्क अथवा किसी भी स्थान के आस-पास खुला नहीं छोड़ा जायेगा।

(5.4) श्वानपशुस्वामी द्वारा अपने श्वानपशु का उचित भरण-पोषण, देखमाल, आवासीय प्रबन्धन, रोगरोधी टीकाकरण एवं कृमिरोधी दवापान, कृमिरोधीदवास्नान एवं बीमारी की दशा में उचित निदान एवं उपचार कराया जायेगा। श्वानगृह / श्वानपशु को रखेजाने का स्थान को स्वच्छ रखा जायेगा तथा उस स्थान की प्रतिदिन भली प्रकार से घुलाई और कीटनाशको का छिड़काव किया जायेगा।

(5.5) श्वानपशुस्वामी द्वारा अपने पालतू श्वानपशु के अनिवार्य अनुज्ञाकरण हेतु सम्बन्धित नगर निगम के पक्ष में, नगर निकाय द्वारा निर्धारित अनुज्ञा शुल्क का भुगतान करते हुए, अनुज्ञा / पुनर्नवीनीकरण हेतु आवेदन किया जायेगा।

(5.6) श्वानपशुस्वामी द्वारा अनुझा / अनुज्ञा के पुनर्नवीनीकरण हेतु आवेदन के समय, राजकीय पशुचिकित्सालय के क्षेत्रीय पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापित अभिलेखों सहित आवेदन हेतु आवेदन प्रकरण प्रस्तुत करना होगा। सत्यापित अभिलेखों में सम्बन्धित पालतूश्वानपशु की त्रिआयामी फोटोग्राफ्स (Three Side Photographs). व्यक्तिगत पहचान, नगर निगम द्वारा पूर्व में आबंटित टोकन नम्बर, रंग, आयु नस्ल, माइक्रोचिप संख्या (यथास्थिति उपलब्धतानुरुप), कृमिरोधी दवापान अभिलेख, रोगरोधी टीकाकरण अभिलेख, चिकित्सा अभिलेख तथा अन्य निजी देखभाल (Grooming Details) के अभिलेख सम्मिलित होंगे। श्वानपशुस्वामी के श्वानपशु प्रजनक (Dog Breeder) अथवा पालतूपशु दुकानस्वामी (Petshop Owner) होने की दशा में सम्बन्धित पशुस्वामी द्वारा वे सभी अभिलेख संरक्षित रखे जायेंगे जो कि केन्द्रीय अधिनियम के तहत प्राख्यापित "पशु क्रूरता निवारण, श्वानपशु प्रजनन एवं विपणन नियम, 2017 (Prevention of Cruelty to Animals, Dog Breeding and Marketing Rules, 2017)" अथवा "पशु क्रूरता निवारण, पालतूपशु दुकान नियम, 2018 (Prevention of Cruelty to Animals, Pet Shop Rules, 2018) में प्राविधानित है। निरीक्षण अधिकारी द्वारा अभिलेखों के परीक्षण उपरान्त, गुण-दोष के अनुसार प्रत्येक प्रकरण में प्ररूप-2 के अनुरूप अनुज्ञाकरण प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने अथवा न किये जाने हेतु संस्तुति की जायेगी जिसे नगर आयुक्त स्तर से स्वीकृत किया जायेगा। ।

(5.7) नगर निगम द्वारा अनुज्ञा प्रदत्त पालतूश्वानपशुओं का प्ररूप-3' के अनुरुप अभिलेखीकरण किया जायेगा।

(5.8) नगर निगम द्वारा निर्गत अनुज्ञा प्रमाणपत्र अहस्तान्तरणीय होगा। यदि किन्ही परिस्थितियों में स्वानपशुओं की मृत्यु हो जाती है अथवा श्वानपशु को किसी दूसरे घर में स्थानान्तरित कर दिया जाता है. इस दशा में श्वानपशुस्वामी द्वारा 15 दिनों के भीतर

इसकी सूचना नगर आयुक्त, नगर निगम को देना आवश्यक होगा। नवीन पशुस्वामीस्वामी द्वारा, अनुज्ञाकरण हेतु पुनः आवेदन करना होगा।

(5.9) केवल श्वानपशु प्रजनक द्वारा ही श्वानपशु प्रजनन कराया जाना अपेक्षित है। किसी भी दशा में श्वानपशुस्वामी द्वारा अपने श्वानपशुओं को घर से निस्कासित (abandon) कर शहरी क्षेत्र में निराश्रित श्वानपशुओं की संख्या में अवांछित बृद्धि नहीं की जायेगी।

(5.10) श्वानपशुस्वामी द्वारा अनिवार्य रूप से अपने श्वानपशु का नियमित रैबीजरोधी टीकाकरण (Regular Anti Rabies Vavccination) कराया जायेगा।

(5.11) श्वानपशुस्वामी द्वारा आक्रामक व्यवहार वाले श्वानपशुओं (aggressive dogs) को सार्वजनिक स्थान पर घुमाये जाने पर, श्वानपशु की गर्दन के कॉलर को सुरक्षित प्रकार से मजबूत पट्टे के बन्धन (Sturdy Tether fitted on Neck Collar) एवं मुखबन्ध (Muzzel) में रखा जायेगा।

(5.12) श्वानपशुस्वामी द्वारा श्वानपशु को खुले में घुमाते समय सड़क पर शौच (defication on road) नहीं कराया जायेगा।

8. निरीक्षण का अधिकार- नगर आयुक्त द्वारा प्राधिकृत निरीक्षण अधिकारी द्वारा समय-समय पर पालतू श्वानपशुओं का कभी भी निरीक्षण किया जा सकता है।

7. अनुज्ञा शुल्क, विलम्ब शुल्क, अनुज्ञा की अवधि एवं शुल्क की दरों का पुनर्निर्धारण -श्वानपशुस्वामी द्वारा प्रत्येक श्वानपशु की अनुज्ञा हेतु सम्बन्धित नगर निगम के पक्ष में ₹ 200/- का शुल्क जमा किया जायेगा। यह शुल्क एक वर्ष की अवधि अथवा वित्तीय वर्ष के 31 मार्च (जो भी पहले हो) तक प्रभावी होगा। श्वानपशुस्वामी द्वारा श्वानपशु की अनुज्ञा हेतु यथासमय आवेदन न किये जाने की दशा में ₹50/- प्रतिमाह की दर से विलम्ब शुल्क जमा किया जायेगा। सम्बन्धित नगर निगम के बोर्ड द्वारा समय-समय पर अनुज्ञा शुल्क तथा विलम्ब शुल्क की दरों का पुनर्निर्धारण किया जायेगा।

8. अनुज्ञा प्रदत्त श्वानपशु हेतु पहचान चिन्ह टोकन -अनुज्ञा निर्गत किये जाने हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा श्वानपशुस्वामी को प्रत्येक अनुज्ञा के साथ पहचान चिन्ह टोकन' निर्गत किया जायेगा जो कि पशुस्वामी द्वारा भली प्रकार से सुरक्षित रखा जायेगा तथा यथासम्भव द्वारा इस टोकन को पालतू श्वानपशु के गले में पट्टे में बांध कर रखा जायेगा।

9. अनुज्ञाहीन तथा परित्यक्त श्वानपशुओं का जन्तीकरण, बन्ध्यकरण, रैबीजरोधी टीकाकरण एवं निस्तारण- श्वानपशुस्वामी द्वारा श्वानपशु के प्रति लापरवाही बरते जाने अथवा श्वानपशु को सार्वजनिक स्थानों पर आवारा छोड़े जाने की दशा में, कभी भी नगर निगम द्वारा आवारा श्वानपशुओं को जब्त किया जा सकता है अथवा इसे ए०बी०सी० कार्यक्रम के तहत बन्ध्यकरण शल्यचिकित्सा उपरान्त इयरनोंचिंग एवं रैबीजरोधी टीकाकरण किया जा सकता है तथा केन्द्रीय अधिनियम के तहत प्राख्यापित "पशु क्रूरता निवारण, केस विषयक पशुओं की देखरेख एवं भरण-पोषण नियम, 2017 (Prevention of Cruelty to Animals, Care & Maintenance of Case Property Animals Rules, 2017)" के प्राविधानों के अनुरूप निस्तारण किया जा सकता है **(Reference-8)**

10. अनुज्ञा का निरस्तीकरण एवं शास्ति श्वान-पशुस्वामी द्वारा अनुज्ञा की शर्तों का उल्लघन किये जाने की दशा में अनुज्ञा का निलम्बन अथवा स्थायी निरस्तीकरण किया जा सकता है। अनुज्ञा के निलम्बन की स्थिति में, नगर आयुक्त द्वारा अनुज्ञाधारक को स्वयं का पक्ष रखे जाने हेतु युक्तियुक्त अवसर दिये जाने के उपरान्त नियमों का उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर शमन द्वारा ₹2,000/- तक अर्थदण्ड अथवा अनुज्ञा का स्थायी निरस्तीकरण एवं अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती हैं। श्वानपशुस्वामी द्वारा श्वानपशु को लापरवाहीवश सार्वजनिक स्थानों पर आवारा छोड़े जाने की दशा में नगर निगम द्वारा जब्त कर लिये गये श्वानपशु को पशुस्वामी के पक्ष में अवमुक्त किये जाने हेतु र 100/- प्रति श्वानपशु प्रतिदिन की दर से भरण-पोषण एवं प्रबन्धन व्यय की अतिरिक्त वसूली की जायेगी। इस क्रम प्राविधानों का उल्लंघन किये जाने पर, 'प्ररूप-4' के अनुरूप आरोपित को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अर्थदण्ड का शमन कराये जाने सूचना दी जायेगी तथा तथा 'प्ररूप-5' के अनुरूप अर्थदण्ड का शमन किया जा जायेगा।

11. अर्थदण्ड तथा दैनिक भरण-पोषण / प्रबन्धन की दरों का पुनर्निर्धारण - सम्बन्धित नगर निगम के बोर्ड द्वारा समय-समय पर, नगर निगम द्वारा जब्त किये गये श्वानपशु हेतु श्वानपशुस्वामी से वसूली हेतु निर्धारित अर्थदण्ड तथा दैनिक भरण-पोषण / प्रबन्धन की दरों का पुनर्निर्धारण किया जायेगा।

12.संक्रामक एवं सांस्पर्शिक रोग नियंत्रण एवं रोकथाम -श्वानपशु के संक्रामक अथवा सांस्पर्शिक रोग से ग्रस्त होने की आशंका की दशा में पशुस्वामी द्वारा केन्द्रीय अधिनियम "पशुओं हेतु संक्रामक एवं सांस्पर्शिक रोग अधिनियम, 2009 (The Prevention & Control of Infectious & Contagious Diseases of Animals Act, 2009)" के प्राविधानों के अनुरूप रोग नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु सहयोग किया जायेगा। श्वानपशु के रैबीज रोग से ग्रस्त होने की आशंका की दशा में केन्द्रीय अधिनियम के तहत प्राख्यापित "पशु जन्म नियंत्रण (श्वानपशु) नियम, 2001 (Animals Birth Control (Dog) Rules, 2001) **(Reference-9)"** के प्राविधानों के अनुरुप निस्तारण किया जायेगा है। क्षेत्रीय पशुचिकित्सा अधिकारी के परामर्शानुरूप, श्वानपशु के मृत्युकारी रूप से रोगग्रस्त अथवा घायल होने की दशा में, श्वानपशु को पीडाविहीन रीति से दयामृत्यु दिये जाने के क्रम में भारतीय जीव-जन्तु कल्याण बोर्ड की मार्गदर्शिका के अनुरूप (Euthanasia Guidelines from AWBI) **(Reference-10)** दी जा सकेगी।

13. नवीन प्राविधानों का सृजन- सम्बन्धित नगर निगम द्वारा इस नियम के प्राविधानों के अतिरिक्त नवीन उपविधियों का सृजन आवश्यक समझे जाने की स्थिति में उत्तरप्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 (उत्तरप्रदेश अधिनियम, संख्या-2 1959) जोकि उत्तराखण्ड राज्यान्तर्गत अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2002 के तहत प्रभावी है, की धारा-541 (25 एवं 31) के तहत नवीन उपविधियों का सृजन किया जा सकेगा।

14. पशुप्रेमियों / पशुकल्याण संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा सामुदायिक श्वानपशुपोषण किये जाने के क्रम में स्थान एवं समय का निर्धारण -पशु जन्म नियंत्रण (श्वानपशु) नियम, 2001 (Animals Birth Control (Dog) Rules, 2001 **(Reference-9)** के अनुरुप, निराश्रित श्वानपशुओं की बन्ध्यकरण शल्यचिकित्सा तथा प्रतिवर्ष रेबीजरोधी टीकाकरण हेतु प्रतिवर्ष श्वानपशुओं को सुगमता से पकड़ने हेतु पशुकल्याण संस्थाओं के प्रतिनिधियों / angenfte vandfinal (Representatives of Animal Welfare Organizations/ Community Dog Feeders) से सक्रिय योगदान / सहयोग सुनिश्चित किये जाने हेतु नगर निकाय द्वारा प्रत्येक क्षेत्रविशेष हेतु निराश्रित श्वानपशुओं को भोजन दिये जाने के क्रम में स्थान विशेष का चिन्हांकन किया जायेगा तथा समयावधि का निर्धारण किया जायेगा। निर्धारित स्थान एवं समयावधि में ही, सामुदायिक श्वानपशुओं को भोजन दिये जाने की अनुमति (Permission for Community Dog Feeding) होगी (Reference-11)। इस क्रम में भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड द्वारा दिनांक 28 फरवरी, 2015 को निर्गत मार्गदर्शिका (AWBI Guidelines for Pet Owners, Colony Care Takers/Dog Feeders & Resident Welfare Associations/ Apartment Owner's Associations) का अनुपालन किया जाना अपेक्षित होगा **(Reference-12)**।

15. श्वानपशुओं द्वारा काटे जाने के प्रकरणों का समाधान- पशुकल्याण संस्थाओं के माध्यम से विधिमान्य रीति के अनुरूप श्वानपशुओं द्वारा काटे जाने के प्रकरणों के समाधान हेतु (Management of Dog Bite Cases through Animal Welfare Organization), नगर निकाय बोर्ड द्वारा दरों का निर्धारण किया जायेगा **(Reference-1)**।

16. निराश्रित एवं केस प्रापर्टी श्वानपशुओं हेतु निःशुल्क अनुज्ञाकरण- मान्यताप्रदत्त पशुकल्याण संस्थाओं / जिला अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति (District SPCA) के माध्यम से, निराश्रित एवं केस प्रापर्टी श्वानपशुओं को शरण दिये जाने अथवा गोद दिये जाने की स्थिति में, श्वानपशुओं का निःशुल्क अनुज्ञाकरण किया जायेगा **(Reference-1)**।

17. निराश्रित एवं केस प्रापर्टी श्वानपशुओं को गोद दिये जाने के क्रम में प्रक्रिया- निराश्रित एवं केस प्रापर्टी - श्वानपशुओं को शरण दिये जाने अथवा गोद लिये जाने की स्थिति में, "पशु क्रूरता निवारण, केस विषयक पशुओं की देख-रेख एवं भरण-पोषण नियम 2017 (Prevention of Cruelty to Animals, Care & Maintenance of Case Property Animals Rules, 2017) के नियम-9 में वर्णित प्रक्रिया अपनायी जायेगी **(Reference-8)**।

18. पालतू श्वानपशुओं हेतु श्वानपशु बन्ध्यकरणशल्यचिकित्सा एवं रैबीजरोधी टीकाकरण हेतु दरों का निर्धारण- श्वानपशुस्वामी द्वारा अनावश्यक रूप से श्वानपशुओं का प्रजनन नहीं कराया जायेगा अपितु यथासम्भव छः माह की आयु के उपरान्त अपने श्वानपशु का बन्ध्यकरण शल्यचिकित्सा करा ली जायेगी। इस सम्बन्ध में नगर निकाय अन्तर्गत बृहद स्तर पर श्वानपशु बन्ध्यकरणशल्यचिकित्सा- रैबीजरोधी टीकाकरण कार्यक्रम (Animal Birth Control-Anti Rabies Vaccination Program) संचालित किये जाने पर पालतू श्वानपशुस्वामियों को श्वानपशु बन्ध्यकरणशल्यचिकित्सा एवं रैबीजरोधी टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु दरों का निर्धारण के क्रम में नगर निगम के बोर्ड द्वारा निर्णय लिया जायेगा **(Reference-5)**।

19. गोद दिये गये स्थानपशुओं हेतु निशुल्क स्थान बनाकरणशल्यचिकित्सा एवं बीजरोधी टीकाकरण- मान्यताप्रदत्त पशुकल्याण संस्थाओं / जिला अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति (District SPCA) के माध्यम से निराश्रित एवं केस प्रापर्टी श्वानपशुओं को शरण दिये जाने अथवा गोद लिये जाने की स्थिति में, श्वानपशुओं हेतु निःशुल्क बन्ध्यकरणशल्यचिकित्सा - रेबीजरोधी टीकाकरण किया जायेगा **(Reference-1)** |

(प्ररूप 1 नियम 5.1)

पालतू श्वानपशु के अनुज्ञाकरण/नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र का प्ररुप

सेवामें,

नगर आयुक्त,

नगर निगम--------------

महोदय,

निवेदन है कि. प्रार्थी नाम----------------------------- पुत्र श्री -- निवासी- ----------------------------------डाकखाना------------------------पुलिस थाना---------------------

जनपद --------------------------के स्वामित्वाधीन निम्न पालतू श्वानपशु के अनुज्ञाकरण का प्रस्ताव है :-

पालतू श्वानपशु का नाम	नस्ल	लिंग	रंग	आयु	माइक्रोचिप संख्या (यथास्थिति उपलब्धतानुरूप)	अन्य विवरण

पालतू श्वानपशु हेतु अनुज्ञापत्र निर्गत किये जाने के क्रम में नगर निगम द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क रु०------------------ बैंक ड्राफ्ट संख्या -----------------दिनांक संलग्न कर प्रेषित है।

राजकीय पशुचिकित्सालय पर नियुक्त क्षेत्रीय पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा उक्त पशु से सम्बन्धित निम्न अभिलेख सत्यापित करवाकर आवेदन प्रकरण प्रेषित है :-

1. सम्बन्धित पालतूश्वानपशु की त्रिआयामी फोटोग्राफ्स (Three Side Photographs).

2. व्यक्तिगत पहचान, नगर निगम द्वारा पूर्व में आबंटित टोकन नम्बर / माइक्रोचिप संख्या, रंग, आयु, नस्ल से सम्बन्धित अभिलेख

3. कृमिरोधी दवापान अभिलेख,

4. रोगरोधी टीकाकरण अभिलेख,

5. चिकित्सा अभिलेख तथा

6. अन्य निजी देखभाल (Other Grooming Details)

"पालतू श्वानपशुओं का अनुज्ञाकरण एवं नियंत्रण नियम, 2019 के नियम 5.1 के अनुरूप उक्त पालतूश्वानपशु के अनुज्ञाकरण हेतु आवेदन प्रकरण प्रस्तुत है।

आवेदक का नाम:

आवेदक के हस्ताक्षर

(प्ररूप 2 नियम 5.6)

पालतू श्वानपशु के अनुज्ञाकरण /नवीनीकरण हेतु प्रमाण पत्र का प्ररुप

अनुज्ञा संख्या :----------------

प्रार्थी नाम--------------------------------पुत्र श्री---------------------------------------निवासी------------------------
--------------डाकखाना---------------------------पुलिस थाना-----------------------जनपद---------------

के स्वामित्वाधीन निम्न पालतू श्वानपशु का "पालतू श्वानपशुओं का अनुज्ञाकरण एवं नियंत्रण नियम, 2019 नियम 53 के अनुरूप नगर निगम----------------- किया गया है :-

पालतू श्वानपशु का नाम	नस्ल	लिंग	रंग	आयु	नगर निगम द्वारा आबंटित टोकन नम्बर	माइक्रोचिप संख्या (यथास्थिति उपलब्धतानुरूप)

इस प्रकरण में समस्त अभिलेखों का परीक्षण कर लिया गया है। इसक्रम में "पालतू श्वानपशुओं का अनुज्ञाकरण एवं नियंत्रण नियम, 2019 के नियम 5.6 के अनुरूप अनुज्ञाकरण प्रमाणपत्र निर्गत कियेजाने / न कियेजाने की संस्तुती की जाती है।

निरीक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर :

निरीक्षण अधिकारी का नाम

दिनांक एवं कार्यालय की मुहर

नगर आयुक्त के हस्ताक्षर

नगर आयुक्त का नाम

दिनांक एवं कार्यालय की मुहर

(प्ररूप "3" नियम 5.7)

पालतू श्वानपशु के अनुज्ञाकरण अभिलेख पंजिका का प्ररूप

स्थानीय निकाय क्षेत्र का नाम

जनपद का नाम

अनुज्ञा प्रदत्त पालतू श्वानपशुओं का विवरण :-

अनुज्ञा संख्या	श्वानपशु स्वामी का नाम	श्वानपशु स्वामी का पता	पालतू श्वानपशु का नाम	नस्ल	लिंग	रंग	आयु	नगर निगम द्वारा आमंटित टोकन नम्बर	माइक्रोचिप संख्या (यथास्थिति उपलब्धतानुरूप)

निरीक्षण अधिकारी के हस्ताक्षर

निरीक्षण अधिकारी का नाम

दिनांक एवं कार्यालय की मुहर

(प्रारूप "4" नियम 10)
शमन सूचना क्रमांक------------
आरोपित को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अर्थदण्ड का शमन कराये जाने सूचना

आप -- -------पिता का नाम---
निवासी-- थाना--
जिला-- को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा आज दिनांक--------------
समय----------- स्थान---------------------------------- पर, पालतू श्वानपशुओं का अनुज्ञाकरण एवं नियंत्रण नियम, 2019 के निम्न नियमों के उल्लंघन हेतु अपराध होना पाया गया है जो लागू न हो उसे काट दें) :-

(5.1) पालतू श्वानपशु (Pedigreed Pet Dog) के अनिवार्य अनुज्ञाकरण हेतु आवेदन नहीं किया गया। (

5.3) पालतू श्वानपशु को सार्वजनिक स्थानों (सड़कों, गलियों एवं पार्क अथवा किसी भी स्थान पर खुला छोड़ा गया।

(5.4) पालतू श्वानपशु का उचित भरण-पोषण, देखभाल, आवासीय प्रबन्धन, रोगरोधी टीकाकरण एवं कृमिरोधीदवापान, कृमिरोधीदवास्नान एवं बीमारी की दशा में उचित निदान एवं उपचार नहीं कराया गया है तथा श्वानगृह / श्वानपशु को रखेजाने का स्थान को स्वच्छ नहीं रखा गया।

(5.9)श्वानपशु का अवैध प्रजनन किया गया है तथा श्वानपशु को घर से निस्कासित (abandon) किया गया।

(5.10) श्वानपशु का नियमित रेबीजरोधी टीकाकरण (Regular Anti Rabies Vavccination) नहीं कराया गया।

(5.11) आक्रामक व्यवहार वाले श्वानपशु (Aggressive Dogs) को सार्वजनिक स्थान ले जाते समय श्वानपशु की

गर्दन के कॉलर को सुरक्षित प्रकार से मजबूत पट्टे के बन्धन (Sturdy Tether fitted on Neck Collar) एवं मुखबन्ध (muzzel) नहीं रखा गया।

(5.12) पालतू श्वानपशु को खुले में घुमाते समय सार्वजनिक स्थान पर शौच (defication in public) कराया गया।

14. सामुदायिक श्वानपशु पशुपोषण हेतु निर्धारित स्थान एवं समयावधि का उल्लंघन किया गया।

हस्ताक्षर साक्षीगण (1)-- (2)--
नाम साक्षीगण (1)-- (2)--
पता साक्षीगण (1)-- (2)--

इसलिए आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप दिनांक------------------- तक नगर आयुक्त नगर निगम----------------- के समक्ष उपस्थित होकर कारित अपराध के विपरीत आरोपित अर्थदण्ड का शमन कराते हुए दण्ड राशि का भुगतान कर भुगतान रसीद प्राप्त करें।

ह० :
प्राधिकृत अधिकारी,
नाम --------------------------------
मुहर--------------------------------

एक प्रति प्राप्त की

(ह० आरोपित पक्ष)
आरोपित पक्ष की अनुपलब्धता की दशा में पंचनामा / चालान को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें।

(प्ररूप "5" नियम 10)

आरोपित पक्ष द्वारा अर्थदण्ड के शमन हेतु आवेदन का प्ररूप

सेवामें

नगर आयुक्त,

नगर निगम------------------

महोदय,

निवेदन है कि शमन सूचना क्रमांक---------------- दिनांक---------------- के अनुरूप अधोहस्ताक्षरी को पालतू श्वानपशुओं का अनुज्ञाकरण एवं नियंत्रण नियम, 2019 के तहत प्राविधानित नियमों के उल्लघन हेतु दोषी पाया गया है। भविष्य में पुनः इस दोष की कदापि पुनरावृत्ति नहीं होगी।

अतः अनुरोध है कि. कृपया पालतू श्वानपशुओं का अनुज्ञाकरण एवं नियंत्रण नियम, 2019" के नियम 10 के तहत इस प्रकरण में कारित अपराध के सापेक्ष, आरोपित अर्थदण्ड का शमन स्वीकार करते हुए दण्ड की राशि रु०2.000/- मात्र (रु० दो हजार मात्र) का भुगतान प्राप्त किये जाने तथा नगर निगम द्वारा जब्त कर लिये गये श्वानपशु को पशुस्वामी के पक्ष में अवमुक्त किये जाने हेतु ₹ 100/- प्रति श्वानपशु प्रतिदिन की दर से भरण-पोषण एवं प्रबन्धन व्यय की अतिरिक्त वसूली हेतु कुल------ दिनों के सापेक्ष रू०-----------/- मात्र (रु०--- मात्र) की मात्र) का भुगतान प्राप्त करते हुए कुल रु० --------------/- मात्र (रु०) भुगतान प्राप्ति रसीद निर्गत करने की कृपा करेंगे।

दोषी पशु स्वामी के हस्ताक्षर -----------------------------------

दोषी पशु स्वामी का नाम-----------------------------------

दोषी पशु स्वामी का पता-----------------------------------

कार्यालय नगर निगम, काशीपुर

27 जुलाई 2022 ई०

डेयरी उपविधि

पत्रांक 279/st/02-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, काशीपुर क्षेत्रान्तर्गत दुधारु पशुओं के व्यावसायिक डेरी परिसरों के कारण होने वाली विभिन्न नागरिक समस्याओं के समाधान तथा निम्न उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु नगर निगम अधिनियम के अन्तर्गत उपविधि का प्राख्यापन व प्रवर्तन प्रस्तावित है:-

पशुओं को आवारा छोड़ दिये जाने के कारण सड़क परिवहन में अवरोध/दुर्घटनाओं/पशु केंद्रित व पशु जनित हिंसा की समस्या के निवारण, आवारा छोड़ दिये गये अनुत्पादक एवं उद्दण्ड/आक्रामक पशुओं में परस्पर संघर्ष अथवा किंचित प्रकरणों में आमजनों पर आक्रमण से बचाव एवं जनसुरक्षा, ऐसे गोवंशीय पशुओं की तस्करी/गोहत्या/चोटिल हो जाने के कारण शांति एवं कानून व्यवस्था को सम्भावित चुनौतीए पशुओं द्वारा पॉलीथीन/कचरा खाये जाने के कारण मृत्यु होने के कारण शांति एवं कानून व्यवस्था को सम्भावित चुनौती, डेरी परिसरों के कारण गोबर/ गोमूत्र के अनुचित प्रबन्धन के कारण नालियों में अवरोध/गन्दगी/दुर्गन्ध/ मक्खियों तथा प्रदूषण की समस्या के समाधान हेतु ।

क. उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 के अन्तर्गत प्राविधान :-

1) अधिनियम की धारा–541 एवं धारा–453 अध्याय XVI- Regulation of Markets, Slaughter-houses, certain trades and acts etc) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा व्यावसायिक डेरी परिसरों के संचालन एवं अनुज्ञा के क्रम में उपविधि का प्राख्यापन प्रस्तावित हैं।

2) धारा-438 एवं धारा-440 के अनुरुप नगर निगम द्वारा अनुज्ञा प्रदत डेरी स्वामियों द्वारा ही व्यावसायिक डेरी परिसरों का संचालन किया जाना अपेक्षित है ।

3) धारा-451(3) के अनुरूप डेरी स्वामी द्वारा कानूनी प्राविधानों (अधिनियम / नियम / उपनियम) के अनुरूप निर्धारित प्रतिबन्ध / शर्तों का उल्लंघन हेतु सिद्धदोष पाये जाने पर, व्यावसायिक डेरी परिसरों के संचालन हेतु निर्गत अनुज्ञा को निरस्त किये जाने का प्राविधान है।

4) धारा-467 के अनुरूप किसी भी व्यक्ति को कानूनी प्राविधानों (अधिनियम / नियम / उपनियम / उपविधि प्रतिबन्ध/ शर्त / नोटिस) के उल्लंघन हेतु सिद्धदोष पाये जाने पर दण्डित किये जाने का प्राविधान है।

ख. उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधिनियम, 2007 एवं संशोधन अधिनियम, 2015 के अन्तर्गत प्राविधान :-

अधिनियम की धारा 7 के अनुरूप राज्य के शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक गोवंश का पंजीकरण अनिवार्य है तथा धारा-3 के अनुरूप शहरी क्षेत्रों में गोवंशीय पशुओं को आवारा छोड़ने का प्रतिषेध है। इन दोनों ही प्राविधानों के उल्लंघन हेतु सिद्दोष पाये जाने पर अधिनियम की धारा-11(3) एवं धारा-11(क) के अनुरूप नगर आयुक्त द्वारा अर्थदण्ड आरोपित कर शमन (compounding) की कार्यवाही किये जाने का प्राविधान है।

ग. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड / उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 2021 के बिन्दू संख्या-07 में नगर निकाय द्वारा डेरी/गौशालाओं को पंजीकृत करने का प्रावधान है।

नगर निगम, काशीपुरक्षेत्रान्तर्गत दुधारू पशुओं के व्यावसायिक डेरी प्रतिष्ठानों के संचालन हेतु अनुज्ञा दिये जाने के क्रम में प्रस्तावित अंतिम उपविधि

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा व्यावसायिक डेरी परिसरों के संचालन एवं अनुज्ञा के क्रम में उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा-540 एवं धारा-453 के अन्तर्गत निम्नानुसार उपविधि का प्राख्यापन प्रस्तावित है :-

1. नाम- यह उपविधि' 'नगर निगम, काशीपुर डेरी/डेरी पशु उपविधि, 2022" कहलाएगी।

2. परिभाषा

(क) "डेरी पशु" से तात्पर्य गाय, बैल, भैंस, भैंसा एवं उनकी संतति से है।

(ख) "दुग्धशाला" से तात्पर्य उस परिसर से है जहाँ दुधारू पशुओं को रखा जाता है।

(ग) "पशुचिकित्सा अधिकारी" से तात्पर्य नगर निगम में शासन द्वारा प्रतिनियुक्त पशुचिकित्सा अधिकारी से है अथवा पशुचिकित्सा विज्ञान में स्नातक अथवा इससे उच्च उपाधिधारक जो संघ अथवा राज्य पशुचिकित्सा परिषद में पंजीकृत हो से है।

(घ) "व्यावसायिक डेरी परिसर से तात्पर्य ऐसे परिसर से है, जहां 5 अथवा 5 से अधिक वयस्क डेरी पशु को रखा गया हो, से है।

(ङ) "गौशाला" से तात्पर्य पशु कल्याण हेतु राज्य पशुकल्याण बोर्ड में पंजीकृत संस्था से है, जो कि अलाभकारी गौवंश की देख-रेख के लिए स्थापित की गई हो।

(च) "अलाभकार पशु से तात्पर्य अनुत्पादक, वृद्ध, बीमार एवं घायल निराश्रित गोवंश तथा पुलिस प्रशासन / नगर निकाय द्वारा गोतस्करों अथवा पशु क्रूरता के प्रकरणों में जब्त किये गये केस प्रापर्टी गोवंश से है।

3. कोई भी व्यक्ति नगर पालिका की सीमा के भीतर किसी भी प्रकार के परिसर का उपयोग उक्त प्रयोजन (डेरी) के गयी अनुज्ञा के बिना नहीं करेगा व न ही किसी को भी उपयोग करने की अनुमति देगा।

4. अनुज्ञा हेतु प्रतिबन्ध

(क) नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत डेरी परिसर संचालित किये जाने हेतु अथवा डेरी पशु पालने हेतु नगर निगम द्वारा अनुज्ञा प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

(ख) नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत डेरी परिसर के संचालन हेतु अथवा डेरी पशु पालने हेतु अनुज्ञा प्राप्त किये जाने हेतु आवेदक को नगर निगम के पक्ष में नगर निगम बोर्ड द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ, प्रारूप-1 के अनुरुप निर्धारित आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदन करना होगा। आवेदक द्वारा जमा किया गया आवेदन शुल्क अप्रतिदाय (non refundable) होगा।

(ग) व्यवसायिक डेरी परिसर के संचालन हेतु उत्तराखण्ड राज्य प्रदूषण नियन्त्रण परिषद से नियमानुसार सी०टी०ओ० (Consent - C to Operate) प्राप्त कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

(घ) श्रीमान नगर आयुक्त द्वारा अधिकृत अधिकारी/अधिकारियों/दल द्वारा व्यावसायिक डेरी परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया जायेगा, जिसके द्वारा प्रारूप-2 पर स्थलीय निरीक्षण उपरांत आख्या प्रस्तुत की जायेगी।

(ङ) श्रीमान नगर आयुक्त द्वारा अधिकृत अधिकारी निरीक्षण दल की प्रारूप-2 पर प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण आख्या के आलोक में सम्बन्धित व्यावसायिक डेरी परिसर को अनुज्ञा प्रदत्त किये जाने के क्रम में निर्णय लेगें। अनुज्ञा दिये जाने हेतु उपयुक्तता की स्थिति में, व्यावसायिक डेरी परिसर में वयस्क तथा अवयस्क पशुओं की अधिकतम अनुमन्य संख्या उल्लिखित करते हुए प्रारूप-3 के अनुरुप अनुज्ञापत्र निर्गत किया जायेगा।

(च) अनुज्ञाधारी व्यावसायिक डेरी परिसर अनुज्ञा के प्रतिबन्धों के अनुपालन हेतु बाध्य होगा।

(छ) अनुज्ञाधारी व्यावसायिक डेरी परिसर द्वारा स्वयं के डेरी परिसर में मुख्य दीवार पर अनुज्ञापत्र प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के समय प्रदर्शित न पाये जाने पर रू0 500/- का अर्थदण्ड आरोपित किया जाएगा।

(ज) नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत समय-समय पर व्यावसायिक डेरी परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया जा सकेगा। अनुज्ञाधारी व्यावसायिक डेरी परिसर द्वारा अनुज्ञा के प्रतिबन्धों / शर्तो का उल्लंघन किये जाने पर अनुज्ञापत्र का तात्कालिक निलम्बन अथवा पूर्णतः निरस्तीकरण किया जा सकेगा तथा अधिनियम की धारा-467 एवं धारा 451 (3) के अनुरूप अर्थदण्ड का आरोपण किया जायेगा जिसकी राशि 5000/- प्रति अपराध तक हो सकेगी।

(झ) नगर निगम द्वारा निर्गत अनुज्ञापत्र अनुज्ञा जारी किये जाने की तिथि से कुल 1 (एक) वर्ष हेतु मान्य होगा।

(ञ) अनुज्ञा दिये जाने हेतु अनुपयुक्तता की स्थिति में आवेदन के एक माह के भीतर सम्बन्धित प्रकरण के अस्वीकृति की सूचना निर्गत कर दी जायेगी।

(ट) नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अनुज्ञा के बिना व्यावसायिक डेरी परिसर संचालित किये जाने की दशा में नगर निगम अधिनियम की धारा-467 एवं धारा-451(3) के अनुरुप दण्ड का आरोपण किया जायेगा, जो रू0 25,000/- तक हो सकेगा।

(ठ) डेरी पालन के लिए समय-समय पर सक्षम न्यायालयों के पारित आदेशों / बोर्ड/ प्राधिकरण / आयोग/ विभाग द्वारा प्राप्त सभी जरूरी अनुमतियां प्राप्त करने की जिम्मेदारी अनुज्ञाधारी की होगी तथा इस आशय का शपथ पत्र भी आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि अनुज्ञा जारी करने के बाद भी किसी भी सक्षम न्यायालय/बोर्ड/प्राधिकरण/आयोग / विभाग से अनुज्ञाधारी की डेरी उनके मानकों के अनुरूप नहीं पायी जाती व कोई कार्यवाही की जाती है तो निगम द्वारा जारी अनुज्ञा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

5. अनुज्ञापत्र का नवीनीकरण-

अनुज्ञति के नवीनीकरण के लिये अनुज्ञप्ति धारक की जिम्मेदारी होगी कि वह अपना आवेदन पिछली अनुज्ञप्ति के समाप्त होने के 15 दिन पहले करना अनिवार्य होगा। अनुज्ञप्ति समाप्ति के उपरान्त संचालक पर नियम 4 (ट) के तहत कार्यवाही की जाएगी।

6. (क) इन उपविधि के तहत् अनुज्ञप्ति के लिये वार्षिक शुल्क प्रथम बार रू0 500/- प्रतिपशु व नवीनीकरण की स्थिति में रू० 300/- प्रतिपशु निर्धारित हैं।

(ख) उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड में पंजीकृत अथवा मान्यता प्राप्त गोसदन / गौशाला के लिये कोई भी शुल्क नहीं लिया जायेगा।

7. उक्त, उपविधि के तहत् जारी की गयी हर अनुज्ञप्ति निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी अर्थात्-

(क) प्रत्येक दुग्धशाला के फर्श को पूरी तरह से सूखा रखने की व्यवस्था पशु स्वामी द्वारा की जानी होगी तथा वायु के आयागमन एवं प्राकृतिक सूर्य के प्रकाश की उचित व्यवस्था हो।

(ख) पशुओं को रखने के स्थान पर पशुओं को विपरीत प्राकृतिक दशाओं में जैसे-तेज धूप, गर्मी, सर्दी व बरसात आदि से बचाव हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

(ग) डेरी स्वामी को अपनी डेरी से उत्पन्न गोबर के निस्तारण की समुचित व्यवस्था करनी होगी, जिसका प्रमाण भी अनुज्ञप्ति अधिकारी को उपलब्ध कराना होगा व गोबर को सीवर अथवा खुले नाले में नहीं डाला जायेगा, कम्पोस्ट बनाकर अथवा किसी कम्पोस्ट / गोबर उत्पाद बनाने वाले उपक्रम को दिया जाना अथवा बायोगैस संयंत्र के द्वारा निस्तारण ही मान्य होगा। गोबर के निस्तारण के सम्बन्ध में समय-समय पर नगर निगम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। उक्त आशय का शपथ-पत्र भी आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(घ) अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति अधिकारी को किसी भी संक्रामक रोग के बारे में तुरन्त सूचित करेगा एवं अपने संघ/ राज्य पशुचिकित्सा परिषद से पंजीकृत पशुचिकित्सक से समुचित उपचार हेतु बाध्य होगा अथवा संक्रमित पशुओं को बाकी पशुओं से अलग रखेगा।

8. दुग्धशाला के सभी पशुओं को माइक्रोचिप लगवाकर पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा। सभी पशुओं की संतति का रिकार्ड समस्त डेरी स्वामियों द्वारा रखना अनिवार्य होगा।

9. किसी भी डेरी पशु स्वामी द्वारा अपने पशुओं को किसी भी परिस्थिति में सड़को पर अथवा अपने परिसर के बाहर खुला नहीं छोड़ा जायेगा। पशु के बाहर खुला छोड़े पाये जाने पर रू० 2000/- प्रतिपशु प्रतिदिन / उत्तराखण्ड गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।

10. लेखाजोखा (रिकॉर्ड) रखना व्यावसायिक डेरी प्रतिष्ठान को अनुज्ञापत्र प्राप्त करने के बाद, प्रतिष्ठान द्वारा निम्न प्रपत्रों युक्त पंजिका में अभिलेखों का लेखाजोखा रखा जायेगा:-

(क) निर्धारित प्रपत्र के अनुरूप रखे गये सभी पशुओं का विवरण।

(ख) पशुओं का पशुचिकित्सा स्वास्थ्य का विवरण।

(ग) पशुओं के टीकाकरण/टॉक्साइड का विवरण।

(घ) कृमिरोधी दवापान का विवरण।

(ङ) पशुओं का गर्भाधान / नस्ल का विवरण

(च) पशुओं के क्रय-विक्रय का विवरण।

11. कोई भी डैरी स्वामी अनुज्ञप्ति अधिकारी या किसी भी अधिकारी को किसी भी समय पर, डेरी का निरीक्षण करने के लिये आपत्ति नहीं कर सकता।

12. उपरोक्त उपविधियों के उल्लंघन पर रदद् की गयी अनुमति के निरस्तीकरण को पुर्नजीवित करने हेतु नगर आयुक्त, नगर निगम, काशीपुर के समक्ष अनुरोध प्रस्तुत किया जा सकता है जिस पर निर्णय नगर आयुक्त, नगर निगम, काशीपुर अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत अनुमति अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा। दो बार निरस्त की गयी किसी अनुमति को किसी भी दशा में पुर्नजीवित नहीं कराया जा सकेगा। उक्त प्रकार के अनुरोध किये जाने हेतु अधिकतम समय सीमा प्रथम निरस्तीकरण के एक माह तक होगी।

13. यदि कोई पशु बेचा जाता है या मरता है या निस्तारित किया जाता है तो इसकी जानकारी पशुपालक द्वारा नगर निगम के पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय में 15 दिनों के भीतर जमा कराना अनिवार्य होगा। यदि पशुपालक उक्तवत् अवधि में जानकारी नहीं देता तो पशु के कारण लगने वाले अर्थदण्ड का वहन पंजीकृत पशुस्वामी को ही करना होगा।

नगर आयुक्त
नगर निगम, काशीपुर

प्ररुप '1'

डेरी परिसर के संचालन हेतु अनुज्ञा के क्रम में आवेदन हेतु प्रपत्र

पासपोर्ट साईज नवीनतम फोटो

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम, देहरादून।

महोदय,

निवेदन है कि, मैं (नाम) पुत्र श्री वार्ड सं0 जिला स्वयं के स्वामित्वाधीन अधोवर्णित डेरी परिसर ... हेतु आवेदन करता हूँ (मान्य पहचान पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न)।

क) डेरी परिसर में रखे गये पशुओं का विवरण :

प्रजाति / नस्ल	लिंग	रंग	पूंछ	आयु	ब्यांत	सींग	टैग नं०

ख) डेरी परिसर में रखे गये पशुओं हेतु स्थान :

(i) छत से ढका क्षेत्रफल (covered area) :

(ii) खुला क्षेत्रफल (open area) :

ग) आवासीय व्यवस्था :

(i) फर्श का प्रकार (floorong) :

(ii) प्राकृतिक प्रकाश एवं हवादार वायुप्रवाह (natural light and ventilation)

(iii) रोगी पशुओं को अलग से रखे जाने की व्यवस्था

घ) गोबर/ मूत्र के निस्तारण हेतु व्यवस्था :

ङ) उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सहमति प्राप्त करने की तिथि (प्रमाण-पत्र संलग्न सहित) –

मैं "नगर निगम, काशीपुर डेरी / डेरी उपविधि 2022" के समस्त प्राविधानों के अनुपालन हेतु कृत संकल्प हूँ। मेरे द्वारा आवेदन शुल्क रू............ चालान सं०............ नगर निगम कोष में जमा करा दिया गया है। अतः अनुरोध है कि, अधोहस्ताक्षरी को डेरी परिसर के संचालन हेतु अनुज्ञापत्र निर्गत करने की कृपा करेंगे।

आवेदक के हस्ताक्षर :
आवेदन तिथि :
दूरभाष संख्या :

नगर निगम कार्यालय में प्राप्ति तिथि मुहर :

नगर निगम काशीपुर (ऊधमसिंह नगर)
प्रेक्षागृह शुल्क उपविधि

पत्रांक - 1802/मु0कार्यालय/2022-23 दिनांक – 21-02-2023

नगर निगम, काशीपुर जिला ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 (यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड) की धारा 172 की उपधारा (2) का (झ) के अन्तर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित समस्त प्रेक्षागृहों पर कर लगाये जाने का निर्णय लिया गया है।

